नोएडा एयरपोर्ट पर कार्गो कैंपस बनाएगी सिंगापुर की कंपनी

- 4,458 करोड़ से कार्गो कैंपस व एयर केटरिंग किचेन के लिए 'एआइ सैट्स' से हुआ करार
- दिल्ली-एनसीआर में औद्योगिक टाउनशिप की संभावना, सीएम आज से जापान के दौरे पर

राज्य ब्यूरो, जागरण • लखनऊ : उत्तर प्रदेश और सिंगापुर डिजिटल ट्रांसफारमेशन, संस्थागत क्षमता और नीतिगत ढांचे पर मिलकर काम करेंगे। इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार और सिंगापुर कोआपरेशन एंटरप्राइजेज (एससीई) के साथ करार हुआ है। वहीं, नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर 4,458 करोड़ रुपये से कार्गो कैंपस बनाने और एयर केटरिंग किचेन की स्थापना के लिए एआइ सैट्स के साथ करार हुआ। एयर केटरिंग किचेन से उत्तर भारत के सभी हवाई अड्डों पर खाने की सप्लाई की जाएगी।

सिंगापुर के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री व उद्योग मंत्री गान किम योंग तथा राष्ट्रीय सुरक्षा के समन्वय मंत्री के शनमुगम से मुलाकात की और निवेश का न्योता दिया। मुलाकात के केंद्र में प्रदेश में शहरी नियोजन, आंतरिक सुरक्षा ढांचे और डिजिटल गवर्नेंस में सिंगापुर की विशेषज्ञता का उपयोग रहा। बुधवार से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जापान यात्रा शुरू हो रही है।

संबंधित खबर » 8

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सिंगापुर दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम से मुलाकात की • सूचना विभाग

इन अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के साथ हुए एमओयू

- ब्लू प्लैनेट के साथ इंटीग्रेटेड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए
- केएलके वेंचर्स के साथ सोलर पैनल निर्माण के लिए
- एसी एविएशन से एमआरओ व हेलीकाप्टर पार्ट्स के लिए
- इश्तारा ज्वेलरी और क्रिएटिव मीडिया प्रोडक्शन के क्षेत्र में
- गायत्री चेन एफएनबी एंड एसोसिएट्स के साथ केटरिंग के क्षेत्र में
- संबकार्प, एसआइसीसीआइ और मेपलट्री कंपनी ने भी निवेश प्रस्ताव दिया है